आयकर अपीलीय अधिकरण, इंदौर न्यायपीठ, इंदौर

श्री महावीर प्रसाद, न्यायिक सदस्य तथा
श्री मनीष बोरड, लेखा सदस्य के समक्ष

आभासी (Virtual) सुनवाई के माध्यम से

आ.अ.सं. 593 से 596/इंदौर/2019
निर्धारण वर्ष : 2010-11 (क्यू-1 से क्यू-4)

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, धार	बनाम	आयकर अधिकारी (टीडीएस)-I, इंदौर
अपीलार्थी		प्रत्यर्थी
टैन.- बीपीएलजे01044बी		

अपीलार्थी की ओर से	श्री एस.एन.अग्रवाल, सीए
राजस्व की ओर से	श्री अमित सोनी, वरिष्ठ विभा.प्रति.

सुनवाई तिथि	11.01.2022
उद्धघोषणा तिथि	17.01.2022

आदेश

न्यायपीठ द्वारा

निर्धारण वर्ष 2010-11 (क्यू-1 से क्यू-4) से संबंधित निर्धारिती की उपरोक्त शीर्षक की अपीलें आयकर आयुक्त (अपील)-I, इंदौर के आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 201(1)/201(1ए) के अधीन आदेश दिनांक 04.02.2019 के विरूद्ध अपील के आधारों में वर्णित आधारों पर दाखिल की गई हैं ।

2. इन अपीलों के संबंध में, निर्धारिती के विद्वान अधिवक्ता के द्वारा यह निवेदन किया गया है कि निर्धारिती ने “विवाद से विश्वास योजना” में आवेदन किया है तथा विभाग द्वारा फार्म सं. 3 जारी किया गया है । “विवाद से विश्वास योजना,2020” हेतु विरचित

नियमों के अनुसार, वर्तमान अपीलों को वापिस लेना अपेक्षित है । अतः निर्धारिती वर्तमान अपीलों का अनुसरण करने का इच्छुक नही है । दूसरी ओर, विद्वान वरिष्ठ विभागीय प्रतिनिधि ने कोई आपत्ति नहीं की है यदि इन अपीलों को कथित योजना के अंतर्गत दबाव नहीं डाले जाने के कारण खारिज किया जाता है ।

3. उपरोक्त की दृष्टि में, हम निर्धारिती द्वारा दाखिल इन अपीलों को वापिस लिए जाने के कारण खारिज करते हैं । यद्यपि, निर्धारिती विधि के अनुसार विनिहित अवधि के अंदर आदेश को वापिस बुलाने (recall) हेतु विविध आवेदन दाखिल करने के लिए स्वतंत्र होगा यदि निर्धारिती का इस योजना के उपभोग करने हेतु आवेदन राजस्व द्वारा किसी कारण से स्वीकार नहीं किया जाता है या निर्धारिती किसी कारण से इस योजना में भाग नहीं ले पाता है ।

4. परिणामतः, निर्धारिती की अपीलें वापिस लिए जाने के कारण खारिज की जाती हैं।

यह आदेश 17.01.2022 को आयकर अपीलीय अधिकरण नियम, 1963 के नियम 34 के अंतर्गत उद्घोषित किया गया है।

हस्ता/-	हस्ता/-
(महावीर प्रसाद)	(मनीष बोरड)
न्यायिक सदस्य	लेखा सदस्य

दिनांक : 17.01.2022

प्रतिलिपि : अपीलार्थी, प्रत्यर्थी, आयकर आयुक्त (अपील), आयकर आयुक्त, विभागीय प्रतिनिधि, गार्ड फ़ाइल